**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Regarding augmentation of irrigation facilities in Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat.-Laid

**श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा)**: मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा जिले के अंतर्गत धानेरा, दांतीवाडा, लाखनी, डीसा, थराद, अमीरगढ, दांता, पालनपुर , और दीयोदर तहसीलों में भूगर्भ जल स्तर काफी नीचे है और यह भूजल स्तर निरंतर नीचे जाता ही जा रहा है । यदि हम भूजल के वर्तमान स्तर की बात करें तो यहाँ हजार फुट पर भी पानी नहीं मिल पा रहा है । यह अपने आप में एक जटिल एवं विकराल समस्या का रूप ले रही है और किसान इस समस्या के कारण त्रस्त हैं । इसी वजह से किसानों को सिंचाई के लिए बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । जनप्रतिनिधि होने के साथ साथ में स्वयं भी एक किसान हूँ इस नाते मैं किसानों की यह पीड़ा को भली भांति महसूस कर सकता हूँ । मेरा यह क्षेत्र किसान बाहुल्य है और यहाँ के सभी किसान कृषि और पशुपालन के व्यवसाय से जुड़े हुए हैं और इनके पास आय का दूसरा कोई स्रोत भी नहीं है इसलिए जीविकोपार्जन के साधन जुटाने में भी अनेकों कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं । भारत में भूजल भण्डार के लगातार कम होने की चिंता को दूर करने के लिए हमारी सरकार द्वारा अटल भूजल योजना चलाई जा रही है इस योजना का उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से देश के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में भूजल प्रबंधन में सुधार करना है I इसी योजना के अंतर्गत राजस्थान साबरमती लिंक कैनाल को बनाए जाने का प्रावधान रखा गया है I यदि इस कैनाल का कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जाये तो मेरे संसदीय क्षेत्र के उपरोक्त बताये गए तहसीलों में पानी की सिंचाई का एक नया स्रोत मिल जायेगा जिसका लाभ यहाँ के किसानों को मिलेगा और एक जटिल समस्या का कुछ हद तक निवारण भी हो सकेगा I इस कैनाल के साथ हमें और भी सिंचाई के साधन को तलाशना होगा जिससे कि इस समस्या का पूर्णतः निवारण हो जाये I अतः मेरा

माननीय मंत्री जी से निवेदन है की मेरे बनासकांठा संसदीय क्षेत्र में सिंचाई की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जल्द से जल्द कार्यवाही की जाये I